# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

## विद्या परिषद की 69 वीं बैठक

## कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद की 69 वीं बैठक दिनांक 05 मार्च 2024 को मध्यान्ह बाद 2.00 बजे ऑफलाईन एवं ऑनलाईन मोड पर आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 केलाश सोडाणी द्वारा की गई एवं बैठक में निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रो0 (डॉ0 ) नवल किशोर,<br>आचार्य, प्रबंध<br>इन्दिरा गांधी रा0 मुक्त वि0वि0, नई दिल्ली। | सदस्य<br>(ऑन लाईन उपस्थित) |
| 2. प्रो0 विनोद अग्रवाल<br>161 सर्वा रितु विलास, उदयपुर–313001 | सदस्य<br>(ऑन लाईन उपस्थित) |
| 3. प्रो0 बी0 अरूण कुमार<br>निदेशक (अकादमिक ) एवं आचार्य, राजनीति विज्ञान,<br>एवं परीक्षा नियंत्रक, वमखुविवि, कोटा | सदस्य |
| 4. डॉ0 सुबोध कुमार,<br>आचार्य, पत्रकारिता वमखुविवि, कोटा | सदस्य |
| 5. डॉ0 दिलिप कुमार शर्मा<br>निदेशक, क्षे0के0 वमखुविवि,कोटा। | सदस्य |
| 6. डॉ0 अनुरोध गोधा,<br>सह आचार्य, वाणिज्य, वमखुविवि,कोटा | सदस्य<br>(ऑन लाईन उपस्थित) |
| 7. डॉ0 क्षमता चौधरी<br>सह आचार्य (अंग्रेजी),वमखुविवि,कोटा। | सदस्य |

8. डॉ0 अनुराधा दुबे — सदस्य
सह आचार्य, वनस्पति शास्त्र, वमखुविवि, कोटा

9. डॉ0 कीर्ती सिंह — सदस्य
सह आचार्य एवं विषय संयोजक(शिक्षा)

10. डॉ0 आलोक चौहान, — सदस्य
सहा0 आचार्य, भूगोल, वमखुविवि, कोटा

11. श्री संदीप हुड्डा, — सदस्य
सहा0 आचार्य, प्राणी शास्त्र, वमखुविवि, कोटा

12. डॉ0 सुरेन्द्र कुमार कुलश्रेष्ठ, — सदस्य
सहा0 आचार्य, अर्थशास्त्र, वमखुविवि, कोटा

13. डा0 अकबर अली — सदस्य
सहा0 आचार्य (लोक प्रशसन) वमखुविवि,कोटा। — (ऑन लाईन उपस्थित)

14. डॉ0 कपिल गौतम — सदस्य
सहा0 आचार्य (संस्कृत), वमखुविवि,कोटा।

15. डॉ0 रवि गुप्ता, — सदस्य
सहा0 आचार्य, गणित, वमखुविवि, कोटा

16. श्री सुशील राजपुरोहित, — सदस्य
सहा0 आचार्य, भौतिक विज्ञान, वमखुविवि, कोटा

17. डा0 नीरज अरोड़ा, — सदस्य
सहा0 आचार्य, कम्प्यूटर साइंस, वमखुविवि, कोटा

18. श्री के0के0 गोयल — सदस्य सचिव
कुलसचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से कार्यसूची विवरण में उल्लेखित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए निम्नानुसार निर्णय लिये गएः–

69/01 विद्या परिषद की 67वीं बैठक दिनांक 22 जून 2023 एवं 68वीं बैठक (आपात) दिनांक 11.12.23 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवं अनुपालना प्रतिवेदन का अवलोकन ।

67वीं एवं 68वीं बैठकों के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन एवं अनुपालना प्रतिवेदनों की पुष्टि की गई । 67वीं बैठक के निर्णय संख्या 67/11(2)(3) के क्रम में गठित समिति की बैठक के निर्णयों का भी अनुमोदन किया गया। इस बिंदु पर भी सहमति व्यक्त की गई कि भविष्य में जिन पाठ्यक्रमों में निरंतर दो प्रवेश सत्रों में छात्रों की संख्या 25 से कम है उन्हें बंद करने के सम्बन्ध में भी समय समय पर निर्णय किया जाए तथा इनकी बची हुई अध्ययन सामग्री को राजकीय महाविद्यालयों एवं राजकीय पुस्तकालयों को डोनेट करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित कर निर्णय किया जाए।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुबोध कुमार | संयोजक |
| 2. | डा0 कीर्ती सिंह | सदस्य |
| 3. | डा0 अनुराधा दुबे | सदस्य |

69/02 लेटरल एंट्री एवं अतिरिक्त विषय के माध्यम से प्रवेशित विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन में अनुपातिक अंक प्रदान करने का प्रस्ताव।

लेटरल एंट्री एवं अतिरिक्त विषय के माध्यम से प्रवेशित विद्यार्थियों को आंतरिक मूल्यांकन में अनुपातिक अंक दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति किया गया।

सदन में उक्त निर्णय के बाद सदस्यों द्वारा मत व्यक्त किया गया कि जिन छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन ऑनलाईन सबमिट बताए जा रहे है किंतु उनके अंक नहीं प्रविष्ट हो रहे है, अथवा जो छात्र आंतरिक मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण हुए है उनसे पुनः शुल्क लेकर आंतरिक मूल्यांकन जमा करवाने को छात्र हित में स्थगित किया जाना चाहिए सदन मे हुई चर्चा उपरांत इस विषय पर विचार विमर्श कर अनुशंसा करने हेतु निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति का गठन कर माननीय कुलपति महोदय को निर्णय हेतु अधिकृत किया गया उक्त समिति को सात दिवस में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु भी निर्देशित किया गयाः—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 बी0 अरूण कुमार, परीक्षा नियंत्रक | संयोजक |
| 2. | डा0 अनुरोध गोधा, निदेशक क्षे0सेवा | सदस्य |
| 3. | डा0 रवि गुप्ता, सहा0 आचार्य, गणित | सदस्य |

69/03 दो विषयों (पुस्ताकलय एवं सूचना विज्ञान एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन) में डिप्लोमा कार्यक्रम ऑनलाईन प्रारंभ करने का प्रस्ताव।

निम्नलिखित दो कार्यक्रमों को जनवरी 2024 प्रवेश सत्र से ऑनलाईन प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई साथ ही निर्णय किया कि इन पाठ्यक्रमों का शुल्क फिलहाल इनके ऑफलाईन कार्यक्रम के समान ही रहेगा एवं कार्यक्रमों के संचालन हेतु श्री नीरज अरोड़ा को संयोजक बनाए जाने का भी निर्णय लिया गया :—

1- Diploma in Library and information Science
2- Diploma in Computer Application

3/c

69/04 विद्यार्थियों के आंतरिक गृह कार्य के जमा एवं मूल्यांकन करवाने की ऑनलाईन व्यवस्था हेतु प्रस्ताव।

आंतरिक गृह कार्य के जमा एवं मूल्यांकन करवाने की ऑनलाईन व्यवस्था की स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्णय लिया कि उक्त कार्य राजस्थान सरकार के लेखा नियमों को पूर्ण करते हुए ही किया जावे ताकि भविष्य में विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय को कठिनाई ना हो।

69/05 उपाधियों में मुद्रण पाठ्यक्रमों की नामावली (Nomenclature) में शुद्धि सम्बन्धी प्रस्ताव।

कार्यसूची विवरण के साथ संलग्न उपाधियों में मुद्रण पाठ्यक्रमों की नामावली (Nomenclature) को 16वें दीक्षांत समारोह से लागू करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

69/06 प्रवेश आवेदन पत्रों मय संलग्न दस्तावेजों का संधारण एवं निस्तारण के सम्बन्ध में क्षेत्रीय सेवा विभाग द्वारा जारी आदेश संख्या 1179 दिनांक 07.09.2023 की पुष्टि का प्रस्ताव एवं भविष्य में आवेदन पत्रों एवं संलग्न दस्तावेजों के निस्तारण पर चर्चा।

क्षेत्रीय सेवा विभाग द्वारा जारी आदेश संख्या 1179 दिनांक 07.09.2023 की पुष्टि करते हुए भविष्य में आवेदन पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश तैयार करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की समिति का निर्णय किया गया जिसकी रिपोर्ट विद्या परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाएगीः–

1. डा0 दिलीप शर्मा, निदेशक, क्षे0के0 कोटा — संयोजक
2. श्री राकेश शर्मा, निदेशक, ई0एम0पी0सी0 — सदस्य
3. डा0 सौरभ पांड्ये, प्रोड्युसर स्टूडिया — सदस्य
4. श्री सुरेश शर्मा, सहायक कुलसचिव, क्षे0के0 जोधपुर। — सदस्य

69/07 एम0एस0सी0 कार्यक्रमों (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान,भौतिकी) तथा बी0एड0 कार्यक्रम में वर्ष में एक बार प्रवेश जुलाई सत्र के स्थान पर जनवरी सत्र में दिए जाने के निर्णय की पुष्टि एवं भविष्य में भी इन कार्यक्रमों में प्रवेश जनवरी प्रवेश सत्र में ही दिए जाने का प्रस्ताव।

एम0एस0सी0 कार्यक्रमों (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान,भौतिकी) एवं बी0एड0 कार्यक्रम में वर्ष में एक बार प्रवेश जुलाई सत्र में दिया जाता था, परंतु दूरस्थ शिक्षा परिषद की मान्यता जनवरी सत्र में प्राप्त होने के कारण उक्त क्रार्यक्रमों में प्रवेश जुलाई के स्थान पर जनवरी –24 सत्र में प्रदान किए जाने का निर्णय किया गया, उक्त निर्णय की सदन द्वारा पुष्टि की गई।

69/08 एम0एस0सी0 एवं बी0एड0 कार्यक्रमों में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के स्थान पर मेरिट के आधार पर किए जाने का निर्णय। इस सम्बन्ध में क्रमशः जारी आदेश संख्या 131 दिनांक 27.01.24 एवं 2159 दिनांक 12.01.202 की पुष्टि का प्रस्ताव।

चर्चा के दौरान डा0 अनुरोध गोधा द्वारा सदन को अवगत करवाया गया कि एम0एस0सी0 एवं बी0एड0 कार्यक्रमों की भांति एम0बी0ए0 में प्रवेश भी मेरिट के आधार पर प्रदान किए जाने के आदेश संख्या 55–63 दिनांक 12.01.24 जारी किए गए है उन्हें भी सदन द्वारा अनुमोदित किए जाने का अनुरोध किया । डा0 गोधा के अनुरोध के आधार पर एम0बी0ए0 प्रवेश सम्बन्धी आदेश संख्या 55–63 दिनांक 12.01.24 एवं एम0एस0सी0 कार्यक्रम के लिए जारी आदेश संख्या 131 दिनांक 27.01.23 तथा आंशिक संशोधन हेतु जारी आदेश क्रमांक 153 दिनांक 21.02.2024 तथा बी0एड0 कार्यक्रम के लिए जारी 2159 दिनांक 12.01.24 की सदन द्वारा पुष्टि की गई। भविष्य में भी विज्ञान, बी0एड0 एवं प्रबंध पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करने एवं मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाने का निर्णय लिया गया एवं उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत नियम/ दिशा निर्देश तैयार करने के लिए निम्नलिखित सदस्यों की समिति गठित किए जाने एवं रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करने का निर्णय किया गया:–

| | |
|---|---|
| 1. डा0 क्षमता चौधरी निदेशक, शोध | संयोजक |
| 2. निदेशक, वाणिज्य एवं प्रबंध विद्यापीठ | सदस्य |
| 3. निदेशक, शिक्षा विद्यापीठ | सदस्य |
| 4. निदेशक, विज्ञान एवं तक0 विद्यापीठ | सदस्य |

69/09 वर्ष 2022–23 की CIQA रिपोर्ट एवं CIQA बैठकों का विवरण सदन के समक्ष सूचनार्थ एवं पुष्टि हेतु।

दिनांक 27.10.23 को आयोजित सीका बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

69/10 विश्वविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रम (उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र) प्रारंभ करने तथा देश के अन्य खुले विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम शुल्क के आलोक में तुलनात्मक विचार विमर्श हेतु सदन में चर्चा की जानी प्रस्तावित है।

1. अन्य विश्वविद्यालय के शुल्क का तुलान्तमक विवरण सदन के समक्ष पेश किए जाने के बाद निर्णय किया कि शुल्क के सम्बन्ध में पूर्व में गठित समिति पुनः तुलनात्मक विवरण का अध्ययन कर एक माह में अपनी रिपोर्ट पेश करे ।

2. नवीन पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में विद्या परिषद के सदस्य प्रो० नवल किशोर की अध्यक्षता में समिति गठन का निर्णय किया गया जिसमें अन्य सदस्य प्रो० विनोद कुमार, प्रो० बी० अरूण कुमार, डा० एस०के० कुलश्रेष्ठ एवं डा० रवि गुप्ता एवं श्री नीरज अरोड़ा को रखा गया। यह समिति अन्य खुले विश्वविद्यालयों एवं नियमित विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों, उनमें छात्रों की प्रवेश संख्या एवं लिए जाने वाले शुल्क का अध्ययन करते हुए अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी।

69/11 सोलहवें दीक्षांत समारोह के लिए ग्रेस पास का प्रस्ताव।

पन्द्रहवें दीक्षांत समारोह के पश्चात् एवं 16वें दीक्षांत समारोह से पूर्व तक पीएच० डी० पूर्ण करने वाले एवं जून 2021 एवं दिसम्बर 2021 परीक्षाओं में विभिन्न कार्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर संबधित उपाधि/डिप्लोमा प्रदान किए जाने हेतु दीक्षा कार्यक्रम (ग्रेस पास) का अनुमोदन किया गया।

बैठक के अंत में आसन की अनुमति से प्रो० (डॉ) नवल किशोर का सुझाव था कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप स्कील डवलपमेंट से सम्बन्धित नवीन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया जाए।

प्रो० विनोद अग्रवाल का सुझाव था कि भूविज्ञान विषय को स्नातक स्तरीय कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाए, जिस पर सदन द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

05/3/24

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव
विद्या परिषद